भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 762

(दिनांक 08.02.2024 को उत्तर के लिए)

रोजगार मेलों के अंतर्गत नियुक्तियाँ

762. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रोजगार मेले के अंतर्गत प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्रों की कुल संख्या का रोजगार मेला-वार, मंत्रालय-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) रोजगार मेले के अंतर्गत प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्रों की समूह-वार कुल संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ग) रोजगार मेलों के अंतर्गत भरी गयी रिक्तियों का विस्तृत ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग) : रोजगार मेले का शुभारंभ माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 22.10.2022 को किया गया था और नव नियुक्त व्यक्तियों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा संस्थाओं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, राज्यों आदि सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/स्वायत्त निकायों में शामिल किया जाता है।

इस प्रकार की गई नियुक्तियों का ब्यौरा, संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों/राज्यों आदि द्वारा रखा जाता है।

*****